आया पावन सोमवार,
चलो शिव मंदिर को जाए,
चलो शिव मंदिर को जाए,
शिव जी का दर्शन पाए,
आया पावन सोंमवार,
चलो शिव मंदिर को जाए।।

ले लो पूजा की थाली,
और धुप और दीप सजा लो,
गंगा जल का एक लोटा,
शिव पिंडी को नहला लो,
करो बम बम की जयकार,
चलो शिव मंदिर को जाए,
आया पावन सोंमवार,
चलो शिव मंदिर को जाए।।

है सोमवार व्रत न्यारा,
ये सोए भाग्य जगाए,
इस व्रत को रखने वाला,
मुंह माँगा फल है पाए,
हो जाए भव से पार,
चलो शिव मंदिर को जाए,
आया पावन सोंमवार,
चलो शिव मंदिर को जाए।।

शिव शंकर औघड़ दानी,
देवों में कोई ना सानी,
पिए विष का हलाहल प्याला,
मेरे नील कंठ वरदानी,
श्रष्टि के पालनहार,
चलो शिव मंदिर को जाए,
आया पावन सोंमवार,
चलो शिव मंदिर को जाए।।

आया पावन सोमवार,
चलो शिव मंदिर को जाए,
चलो शिव मंदिर को जाए,
शिव जी का दर्शन पाए,
आया पावन सोंमवार,
चलो शिव मंदिर को जाए।।

गायक राकेश जी काला।

Source:
https://www.bharattemples.com/aaya-paavan-somwar-chalo-shiv-mandir-ko-jaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw